**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 2083**
**गुरुवार 12 फ़रवरी, 2026/23 माघ, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**'डिजियात्रा' सुविधा की शुरुआत**

**2083. श्री भास्कर मुरलीधर भगरे:**
**श्रीमती सुप्रिया सुले:**
**श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटील:**
**डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे:**
**प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:**
**श्री संजय दिना पाटील:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न विमानपत्तनों में डिजियात्रा का क्रियान्वयन असमान और विलंबित रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) महाराष्ट्र के उन विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है जहाँ डिजियात्रा सुविधा वर्तमान में चल रही है, शुरू करने की प्रक्रिया चल रही है या अभी स्वीकृत नहीं हुई है और मुंबई, पुणे और नागपुर जैसे प्रमुख विमानपत्तनों पर विलंब के क्या कारण हैं;
(ग) पिछले दो वर्षों में महाराष्ट्र में डिजियात्रा के कुल पंजीकरण, ऐप डाउनलोड और वास्तविक उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या विमानपत्तन-वार क्या है;
(घ) क्या डिजियात्रा के उपयोग का स्तर इस संबंध में किये गए व्यय को न्यायोचित ठहराता है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या महाराष्ट्र में यात्रियों के प्रवेश और प्रक्रिया समय में वास्तविक कमी को मापने हेतु कोई समयबद्ध मूल्यांकन किया गया है और यदि हाँ, तो इसके निष्कर्ष क्या हैं; और
(च) क्या सरकार का डिजियात्रा को महाराष्ट्र के क्षेत्रीय और 'उड़ान' विमानपत्तनों तक विस्तारित करने का विचार है, यदि हाँ, तो निर्धारित समय-सीमा और आवंटित निधि क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (च): वर्तमान में, डिजी यात्रा महाराष्ट्र में मुंबई और पुणे हवाईअड्डों सहित 24 हवाईअड्डों पर उपलब्ध है। इसके अलावा, डिजी यात्रा को चरणबद्ध तरीके से देशभर के सभी हवाईअड्डों पर शुरू किया जाना है। इस पहल के लिए सरकार द्वारा कोई धनराशि स्वीकृत/जारी नहीं की गई है। उक्त व्यय हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा वहन किया जाता है।

पिछले दो वर्षों के दौरान डिजी यात्रा ऐप डाउनलोड की कुल संख्या और पिछले दो वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में हवाईअड्डों के माध्यम से यात्रा करने हेतु डिजी यात्रा का उपयोग किये जाने की संख्या के संबंध में हवाईअड्डा-वार विवरण अनुलग्नक में है।

डिजी यात्रा, हवाईअड्डों पर विभिन्न चैक्पॉइंट्स पर यात्रियों के समय की लगभग 50% बचत करते हुए निर्बाध, परेशानी मुक्त और तीव्र यात्री प्रोसेसिंग प्रदान करती है।

**अनुलग्नक**

**पिछले दो वर्षों के दौरान डिजी यात्रा ऐप डाउनलोड की संख्या और डिजी यात्रा के उपयोग का विवरण**

क) पिछले दो वर्षों में डिजी यात्रा ऐप डाउनलोड की संख्या–

| **अवधि /वर्ष** | **डिजी यात्रा ऐप डाउनलोड की संचयी संख्या** |
|---|---|
| वर्ष 2024 के अंत तक | 92.8 लाख |
| वर्ष 2025 के अंत तक | 1.996 करोड़ |

ख) पिछले दो वर्षों में डिजी यात्रा के उपयोग का हवाईअड्डा–वार ब्यौरा–

i) 2024

| **हवाईअड्डा** | **जनवरी-24** | **फरवरी-24** | **मार्च-24** | **अप्रैल-24** | **मई-24** | **जून-24** | **जुलाई-24** | **अगस्त-24** | **सितंबर-24** | **अक्तूबर-24** | **नवंबर-24** | **दिसंबर-24** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुंबई | 1,00,229 | 1,18,418 | 1,23,618 | 1,24,395 | 1,20,557 | 1,54,574 | 1,87,916 | 2,21,989 | 2,65,836 | 3,89,555 | 4,31,736 | 4,72,846 |
| पुणे | 1,73,004 | 1,66,143 | 1,62,486 | 1,49,868 | 1,39,143 | 1,41,201 | 1,46,652 | 83,551 | 68,881 | 69,373 | 32,458 | 33,953 |

ii) 2025

| **हवाईअड्डा** | **जनवरी-25** | **फरवरी-25** | **मार्च-25** | **अप्रैल-25** | **मई-25** | **जून-25** | **जुलाई-25** | **अगस्त-25** | **सितंबर-25** | **अक्तूबर-25** | **नवंबर-25** | **दिसंबर-25** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुंबई | 5,40,104 | 4,94,069 | 5,19,376 | 4,68,631 | 3,29,800 | 3,19,288 | 4,75,266 | 5,05,039 | 5,01,121 | 5,20,959 | 5,58,241 | 5,25,416 |
| पुणे | 27,388 | 1,05,288 | 1,49,216 | 1,25,498 | 1,23,628 | 1,12,505 | 1,28,610 | 1,18,691 | 1,18,012 | 1,18,799 | 1,39,625 | 1,20,205 |

******